- ☆ پرائمری درجات میں لکھنے کی مہارتوں کے فروغ کے طریقہ: تصویر بنانا، تصویر سے کہانی بنا کر لکھنا، اپنی پسند کی چیزوں کے بارے میں لکھنا، کہانیوں کو آگے بڑھا کر لکھنا، سن کر لکھنا، تُک والے مقفہ الفاظ لکھنا۔
- ☆ لکھنا سکھانے میں آنے والی مشکلات، مشکلات سے کیسے نبٹیں؟ کیا یہ واقعی مشکلیں ہیں یا بچوں کے ذریعہ سیکھنے میں آنے والے فطری مرحلے ہیں؟
- ☆ لکھنے کے مختلف جہت: خطوط نویسی، کہانی لکھنا، مضمون لکھنا، اشتہارات لکھنا، فارم بھرنا، درخواست لکھنا وغیرہ۔

## باب پنجم: منصوبہ سبق اور درجاتی عمل

- ☆ منصوبہ کا مطلب، ضرورت اور اہمیت

☆ منصوبہ سبق کے طریقے

☆ تخلیقی تدریس کی ترکیبیں اور منصوبہ سبق

☆ منصوبہ سبق اور تخلیقی درجاتی عمل میں رشتہ

## باب ششم: اردو زبان میں تشخیصی عمل/ اندازۂ قدر:

اس باب میں ہم یہ سمجھ بنانے کی کوشش کریں گے کہ "اندازۂ قدر" آ ہے کیا؟ موجودہ امتحان و آزمائش کے عمل سے ہمیں یہ تو معلوم ہوتا ہے کہ کس بچے نے ہر مضمون میں کتنے نمبر حاصل کئے ہیں۔ لیکن نمبرات کی یہ تعین نہ تو یہ سمجھنے میں مددگار ہوتی ہے کہ بچے نے کیا سیکھا اور نہ ہی یہ سمجھنے میں کہ اس نے کیا نہیں سیکھا اور اسے کہاں کہاں مدد کی ضرورت ہے۔ ایک اور بڑی دشواری موجودہ طریقہ آزمائش میں یہ ہے کہ وہ صرف اس بات کا محاسبہ کرتی ہے کہ بچے کی رٹنے کی صلاحیت کتنی ہے اور یہی وجہ ہے کہ بچوں میں اس کی وجہ سے بیجا اور غلط طرح کے تقابل کے خیال پیدا ہو جاتے ہیں۔

ان سبھی کو ذہن میں رکھتے ہوئے تشخیصی عمل کو پھر سے نئے رجحانات کے مطابق واضح کرنے کی ضرورت ہے۔ اس باب میں اندازۂ قدر کے مقاصد کیا ہونے چاہئے۔ آزمائش کس کی، کب اور کیسے کر سکتے ہیں۔ کیا اندازۂ قدر اور آزمائش و پیمائش ایک ہی ہے؟ کیا آزمائش سیکھنے سکھانے کے عمل کا حصہ ہے؟ ان مدعوں پر تفصیلی بحث کرتے ہوئے تشخیصی عمل کو پھر سے سمجھنے کی ضرورت ہے۔

### اندازۂ قدر کا مطلب:

اندازۂ قدر کے تحت طلباء کی شخصیت کے وقوفی پہلوؤں کے ساتھ ساتھ اس کے احساسی، کیفیتی اور عملی نشو و نما کی بھی جانچ کی جاتی ہے۔ یعنی اس میں طلباء کے رویے، شوق، تفکرات، تصورات اور عادتوں میں تبدیلی وغیرہ کا بھی اندازہ لگانا مقصود ہوتا ہے۔ اس کا انحصار صرف مواد مضمون کی جانچ یا کسی ص مہارت یا لیاقت کی جانچ پر نہیں ہوتا۔ اس اعتبار سے اندازۂ قدر کا تصور زیادہ جامع اور بسیط ہے۔ اس کے بالمقابل امتحان کا تصور بہت محدود اور تعلیمی و نفسیاتی اعتبار سے بہت ناقص بھی ہے۔ اندازۂ قدر اگر مسلسل اور طلباء کی شخصیت کے تمام پہلوؤں کو مدنظر رکھ کر کیا جائے تو اسے ہی مسلسل اور جامع تشخیص (Continuous and Comprehensive Evaluation) کا نام دیا جاتا ہے جسے اختصار میں سی سی ای کہتے ہیں۔ سی سی ای سے اس بات کا اندازہ لگتا ہے کہ طلباء کا کون سا پہلو کمزور ہے اور کس سمت میں انہیں باز رسانی و اصلاح کی ضرورت ہے۔ سی سی ای سے اساتذہ کو بھی مضامین کی تنظیم نو اور طریقہ تدریس میں حسب ضرورت اصلاح کرنے میں مدد ملتی ہے۔

### اندازۂ قدر کے مقاصد:

☆ طلباء کو سیکھنے، میں معاون کے طور پر۔

☆ تعلیمی نظام کو استحکام دینے کے طور پر۔

☆ تخلیقی عمل کے طور پر۔

☆ محدود خوبیوں کو مضبوطی دینے کے طور پر۔

☆ محدود اوقات میں یا لگا تار تجزیہ کے طور پر۔

☆ پرائمری درجات میں ترتیب اور مناسبت کے ر ں کو سمجھنے اور سمجھانے کے طور پر۔

## زبان میں اندازۂ قدر کے طریقے:

☆ زبانی آزمائش

☆ تحریری آزمائش

☆ عملی آزمائش

☆ مشاہدہ

☆ پیش کش

☆ اداکاری

## پیش کردہ کام:

☆ تصویر: بڑی اور خوب جلی دس ایسی تصاویر کا انتخاب کیجئے جن کا استعمال در اوّل کے طلباء کو بات چیت کے مواقع حاصل کرانے کے لئے کیا جا سکے۔ ہر ایک تصویر کے ساتھ اس کے انتخاب کی و بتاتے ہوئے فائل تیار کیجئے۔

☆ اپنے ہم سبق کو تقریباً دو سو الفاظ کا کوئی ایک نیا اقتباس دے کر اس کو پڑھنے کے لئے کہیں۔ اس اقتباس کے مناسبت سے اس کے پڑھنے کی صلاحیت کا اندازہ کرنے کے لئے آپ کیا اور کیسے کریں گے؟ ایک رپورٹ تیار کیجئے۔

☆ چوتھی پانچویں کے ایک طالب علم کو ایک معلوم مضمون اور ایک نامعلوم مضمون پر لکھنے کو کہیں۔ اس کے ذریعہ لکھے ہوئے مضمون کا تجزیہ کر کے یہ بتائیے کہ لکھنے کا انحصار کن کن باتوں پر ہے۔

☆☆☆

**SEP-2**

## विद्यालय अनुभव कार्यक्रम–2 : इन्टर्नशिप
## School Experience Programme-2: Internship

गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के केन्द्र में एक सजग, सक्रिय और प्रतिबद्ध शिक्षक का होना आवश्यक है। साथ ही यह भी जरूरी है कि वह शिक्षक स्कूली गतिविधि के विभिन्न आयामों को न सिर्फ समीक्षात्मक ढंग से समझे बल्कि वह कुशलतापूर्वक इससे जुड़ी गतिविधियों को अंजाम भी दे सकें। पिछले दो–तीन दशकों में सिद्धांत और व्यवहार का अर्थपूर्ण संबंध स्थापित कर उन्हें एक दूसरे की कसौटी पर कसने की प्रक्रियायें लगातार बढ़ी हैं। कहने को प्रत्येक शिक्षक–प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'शिक्षण–अभ्यास' उसका एक अनिवार्य हिस्सा होता है, पर ऐसा कम ही हो पाता है कि शिक्षायी चिंतन को सक्रिय रूप से शिक्षण अभ्यास का हिस्सा बनाया जाये। नतीजतन शिक्षक–प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सिद्धांतों को जपने की प्रवृत्ति तो बढ़ती ही है साथ ही शिक्षण अभ्यास एक हस्तक्षेपकारी अनुभव होने की बजाय महज एक अकादमिक कवायद बनकर रह जाती है। शिक्षण अभ्यास को शिक्षा के सिद्धांतों, शिक्षणशास्त्र व शिक्षायी चिंतन से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। कोशिश यह है कि शिक्षण–अभ्यास के अनुभव शिक्षायी विमर्श को समझने का आधार बनें तथा शिक्षायी विमर्श, शिक्षण–अभ्यास को और समीक्षात्मक बनाने में मददगार बने।

विद्यालय अनुभव कार्यक्रम से तात्पर्य है विद्यालय में होने वाले कार्यों व गतिविधियों का समग्र अनुभव। इसका मूल उद्देश्य प्रशिक्षुओं में शिक्षण अभ्यास के साथ–साथ विद्यालय से जुड़ी अन्य गतिविधियों की समझ भी विकसित करना है। साथ ही, इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षु अपने शिक्षण व विद्यालय में अपनी भूमिका के प्रति एक आलोचनात्मक व मननशील दृष्टिकोण भी विकसित कर पाएँगे। वैसे तो इस डी.एल.एड. (दूरस्थ शिक्षा) कार्यक्रम कें अंतर्गत उन्हीं प्रशिक्षुओं का नामांकन किया जाता है जो पहले से ही विद्यालयों में शिक्षण कर रहे हैं। अतः विद्यालय के विभिन्न आयामों का अनुभव उनको स्वतः ही है। लेकिन, क्या वे उन विद्यालयी अनुभव का प्रयोग अपने शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए कर पाने में सक्षम हैं या नहीं, यह मुख्य सवाल है। इसलिए, विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के माध्यम से उनके अनुभवों को उपयोगी एवं सार्थक बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

### उद्देश्य

विद्यालय अनुभव कार्यक्रम को करने के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार से हैं :

- प्रथम वर्ष के विद्यालय अनुभव कार्यक्रम से प्राप्त समझ को विस्तारित करना।
- कक्षाकक्ष में विभिन्न विषयों के शिक्षण से सम्बंधित योजना निर्माण, शिक्षण अभ्यास तथा अपने शिक्षण के मूल्यांकन की समझ विकसित करना।
- विद्यालयी विषयों के शिक्षण के अंतर्गत आनेवाली समस्याओं का एक्शन रिसर्च के माध्यम से समाधान करना।
- अपनी कक्षा के बच्चों के सीखने के विकास का अध्ययन करना।
- बच्चों के सह–शैक्षिक पक्षों के विकास का केस स्टडी करना।
- विद्यालय और आस–पास के समुदाय के अंतर्सम्बंध को समझना तथा उसे सुदृढ़ बनाने के लिए सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में भागीदारी करना।

**अवधि :** विद्यालय अनुभव कार्यक्रम न्यूनतम सोलह सप्ताह का है, जिसे द्वितीय वर्ष के उत्तरार्द्ध महीनों के दौरान किया जाना है। प्रशिक्षु अपने आवंटित विद्यालयों में विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित कार्यों को करना शुरू करेंगे। सोलह में से चौदह सप्ताह का कार्यक्रम विद्यालय के अंदर की गतिविधियों के लिए तथा बाकी दो सप्ताह को समुदाय से सम्बंधित कार्यों को करने के लिए रखा गया है।

## विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के मूल्यांकन की रूपरेखा

**विद्यालय अनुभव कार्यक्रम–2** 400 अंक : इसके मूल्यांकन के दो चरण होंगे। चरण–1 के अंतर्गत मूल्यांकन में सम्बंधित प्रशिक्षण केन्द्र की प्रमुख भूमिका होगी। चरण–2 के अंतर्गत अंतर्सन्थागत मूल्यांकन की तुलनात्मक व्यवस्था होगी। इससे प्रशिक्षण केन्द्रों के मध्य अंत:क्रिया को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, प्रशिक्षुओं को भी अपने कार्य पर मेन्टर के अलावा एक अन्य विशेषज्ञ का फीडबैक मिल सकेगा। चरण–2 के निर्धारण में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् की प्रमुख भूमिका होगी।

<table>
<tr><th colspan="6">विद्यालय अनुभव कार्यक्रम–2</th></tr>
<tr><td colspan="2" rowspan="2">प्रशिक्षु द्वारा किए जानेवाले कार्य निम्नलिखित हैं :</td><th colspan="2">मूल्यांकन चरण–1</th><th colspan="2">मूल्यांकन चरण–2</th></tr>
<tr><th>मेंटर सह मूल्यांकनकर्ता</th><th>अंक</th><th>मूल्यांकनकर्ता</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1</td><td rowspan="2">शिक्षण अभ्यास</td><td>प्रत्येक विषय के लिखित लर्निंग प्लान की समीक्षा, प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रति विषय डेमोन्स्ट्रेशन लर्निंग प्लान के शिक्षण की आलोचनात्मक समीक्षा, प्रति विषय एक–एक एक्शन रिसर्च की समीक्षा<br><br>
<table>
<tr><th colspan="2">लर्निंग प्लान के विषय</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td>1</td><td>गणित (प्राथमिक स्तर)</td><td>30</td></tr>
<tr><td>2</td><td>हिन्दी (प्राथमिक स्तर)</td><td>30</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अंग्रेजी (प्राथमिक स्तर)</td><td>30</td></tr>
<tr><td>4</td><td>पर्यावरण अध्ययन</td><td>30</td></tr>
<tr><td>5</td><td>उच्च प्राथमिक स्तर से चयनित एक विषय</td><td>30</td></tr>
<tr><td colspan="3">उपरोक्त प्रति विषय दिए गए 30 अंकों का विवरण :<br>• 15 अंक : प्रति विषय पंद्रह लिखित लर्निंग प्लान पर<br>• 10 अंक : प्रति विषय कम से कम एक डेमोन्ट्रेशन शिक्षण पर<br>• 05 अंक : प्रति विषय एक–एक एक्शन रिसर्च पर</td></tr>
</table></td><td>150</td><td rowspan="2">एस.सी.ई.आर.टी. (बिहार) द्वारा निर्धारित</td><td rowspan="2">50</td></tr>
<tr><td>प्रशिक्षु को विद्यालय पर्यवेक्षण के लिए आवंटित मेंटर सह साधनसेवी के द्वारा कक्षा शिक्षण की समीक्षा व मूल्यांकन</td><td>100</td></tr>
<tr><td>2</td><td>बच्चों के सीखने के विकास का अध्ययन</td><td>प्रशिक्षु को आवंटित मेंटर सह साधनसेवी के द्वारा समीक्षा तथा मूल्यांकन</td><td>15</td><td>एस.सी.ई.आर.टी. (बिहार) द्वारा निर्धारित</td><td>15</td></tr>
<tr><td>3</td><td>बच्चों के सहशैक्षिक विकास का अध्ययन</td><td>प्रशिक्षु को आवंटित मेंटर सह साधनसेवी के द्वारा समीक्षा तथा मूल्यांकन</td><td>15</td><td>एस.सी.ई.आर.टी. (बिहार) द्वारा निर्धारित</td><td>15</td></tr>
<tr><td>4</td><td>सामुदायिक कार्य</td><td>विषयपत्र 'स्वयं की समझ' के साधनसेवी के द्वारा समीक्षा तथा मूल्यांकन</td><td>20</td><td>एस.सी.ई.आर.टी. (बिहार) द्वारा निर्धारित</td><td>20</td></tr>
<tr><td colspan="3">कुल</td><td>300</td><td>कुल</td><td>100</td></tr>
</table>

## 1. शिक्षण अभ्यास

शिक्षण अभ्यास के क्रम में आलोचनात्मक शिक्षणशास्त्र को समझना और उसे अभ्यास क्रम का हिस्सा बनाना इस पाठ्यचर्या का प्रमुख उद्देश्य है। यहाँ ज़रूरत होती है कि हम शिक्षण अभ्यास के क्रम में अपनी जिम्मेदारी (अकादमिक, शैक्षिक व सामाजिक) को शिक्षा के वृहत्तर परिणाम व लोकतांत्रिक समाज के संदर्भ में समझें। कक्षा के भीतर की प्रक्रिया कोई पृथक घटना नहीं है, बल्कि इसका गहरा जुड़ाव विभिन्न सामाजिक व ऐतिहासिक प्रक्रियाओं से होता है। शिक्षक अपने सार्थक कर्म के माध्यम से असमान सामाजिक व्यवस्थाओं के विरुद्ध हस्तक्षेप करता है। उसकी यह भूमिका एक सांस्कृतिक कर्मी की तरह होती है। शिक्षण–अभ्यास में इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि प्रशिक्षु–शिक्षक न सिर्फ शिक्षा के तकनीकी पक्ष को समझ पायें बल्कि वे अपनी हस्तक्षेपकारी भूमिका को भी साकार रूप दे सकें। कोशिश यह होनी चाहिए कि वे अनुभवों के जरिये रूढ़ीवादी समाजिक–सांस्कृतिक मान्यताओं को तार्किक ढंग से चुनौती दे सकें। इस क्रम में वे न सिर्फ शिक्षण योजना बनायें बल्कि वहाँ पढ़ाये जाने वाले विषयों पर एक आलोचनात्मक समझ भी विकसित करने की कोशिश करें। सीखने की योजना (लर्निंग प्लान) को विद्यालय में कियान्वित करने से पहले उसकी तैयारी करनी होगी। तैयारी के अंतर्गत सीखने की योजना को लिखकर अपने साधनसेवी सह मेन्टर से सुझाव लेना, प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रति विषय कम से कम एक लर्निंग प्लान का सभी प्रशिक्षुओं के सामने डेमोन्स्ट्रेशन, प्रति विषय कम से कम एक एक्शन रिसर्च को करना शामिल है। इसके अलावा विद्यालय में लर्निंग प्लान का क्रियान्वय प्रमुख तौर पर किया जाएगा।

**अवधि :**

- लगातार चौदह सप्ताह (द्वितीय वर्ष के दौरान)
- प्रति सप्ताह पाँच (05) दिन (सोमवार–शुक्रवार)
- शनिवार व रविवारः योजना निर्माण, तैयारी व परामर्श सत्र के लिये प्रशिक्षण केन्द्र पर विचार–विमर्श

**सीखने की योजना (लर्निंग प्लान) :**

- कुल मिलाकर न्यूनतम (75) लर्निंग प्लान का निर्माण एवं शिक्षण
- प्रति विषय न्यूनतम पंद्रह (15) लर्निंग प्लान का निर्माण एवं शिक्षण। (प्राथमिक स्तर के चार विषय तथा उच्च प्राथमिक स्तर का एक विषय, कुल मिलाकर पांच विषय)
- प्रति विषय न्यूनतम दो (02) लर्निंग प्लान के लिखित प्रारूप का सम्बंधित साधनसेवी द्वारा समीक्षा
- प्रति विषय न्यूनतम एक (01) लर्निंग प्लान का प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षु द्वारा डेमोन्स्ट्रेशन–शिक्षण पर आलोचनात्मक समीक्षा
- प्रति विषय न्यूनतम दो (02) लर्निंग प्लान का विद्यालय में शिक्षण का पर्यवेक्षण तथा समीक्षा
- प्रति विषय न्यूनतम एक–एक लर्निंग प्लान के लिखित प्रारूप तथा कक्षा शिक्षण का बाह्य मूल्यांकन
- प्रति सप्ताह न्यूनतम पांच (05) और अधिकतम आठ (05) लर्निंग प्लान का निर्माण एवं शिक्षण

एक सीखने की योजना या लर्निंग प्लान से तात्पर्य एक अध्याय अथवा इकाई नहीं है। बल्कि, एक लर्निंग प्लान से तात्पर्य है एक कालांश के लिये शिक्षण की रूपरेखा। एक ही अध्याय अथवा इकाई में इसके कई शीर्षकों व अवधारणाओं को लेकर कई लर्निंग प्लान बनाये जा सकते हैं। लर्निंग प्लान का निर्माण कैसे किया जाये, इसकी चर्चा आप कई विषयों में समझ चुके हैं। इसकी विस्तृत चर्चा कार्यशाला के माध्यम से भी की जाएगी। प्रशिक्षु अपना स्वमूल्यांकन कैसे करेंगे, रिफ्लेक्टीव डायरी कैसे लिखेंगे, इन सब की चर्चा भी कार्यशाला में की जाएगी।

## 2. बच्चों के सीखने के विकास का अध्ययन

हर शिक्षक या शिक्षिका का शिक्षण कार्य तभी सार्थक है जब उसके कारण बच्चों के सीखने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हो। अतः अपने शिक्षण की समझ के साथ–साथ सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न विषयों में बच्चों के सीखने के विकास का आकलन करना भी आना आवश्यक है। तभी वे यह समझ पाएंगे कि उनके द्वारा शिक्षण का बच्चों के सीखने पर क्या असर पड़ा है या अपने शिक्षण में किस तरह का नवाचार करें जिससे बच्चों के सीखने में सकारात्मक बदलाव आ सके। यह प्रदत कार्य इसी आलोक में दिया जा रहा है।

इसके अंतर्गत प्रशिक्षुगण अपने–अपने विद्यालय के किसी एक कक्षा का चयन कर उसमें पढ़नेवाले सभी बच्चों के सीखने के स्तर को कक्षा सापेक्ष समझेंगे। इसके लिए वे विभिन्न विषयों के संदर्भ में कुछ संकेतक या सीखने की कसौटियों को ध्यान में रखकर आकलन की योजना बनाएं तथा उसके आधार पर बच्चों के सीखने का आकलन करें। आकलन की प्रक्रिया से निकलकर आए आंकड़ों का विश्लेषण एवं रिपोर्ट के अंदर उसकी प्रस्तुति अवश्य करनी होगी। यह कार्य वे विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के शुरूआती दो सप्ताह के अंदर कर लें। यह इस प्रदत कार्य का पहला भाग होगा। यह अपेक्षा है कि प्रशिक्षुगण अपना शिक्षण अभ्यास का अधिकतम हिस्सा इसी चयनित कक्षा में करेंगे और अपने द्वारा बनाए जानेवाले विभिन्न विषयों के 'सीखने की योजना' में उन कसौटियों का ध्यान अवश्य रखेंगे जिनके आधार पर बच्चों का आकलन किया है। ताकि बच्चों के सीखने के स्तर को और बेहतर बनाने का उद्देश्य उनके शिक्षण के केन्द्र में रहे।

बारहवे–तेरहवे सप्ताह में जब शिक्षण अभ्यास का समेकन होनेवाला होगा तो प्रशिक्षुगण पुनः उस कक्षा के बच्चों का पहले निर्धारित कसौटियों पर आकलन करें। आकलन के दौरान निकलकर आए आंकड़ों का विश्लेषण एवं रिपोर्ट के अंदर उसकी प्रस्तुति अवश्य करनी होगी। यह इस प्रदत कार्य का दूसरा भाग होगा। अंत में प्रशिक्षुओं को पहले और दूसरे भाग से निकलकर आए आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण करना होगा। इसके अंतर्गत वे यह समझ पाने में समर्थ होंगे कि उनके द्वारा किए गए शिक्षण का उन बच्चों के सीखने के विकास पर कितना असर पड़ा। उपरोक्त सभी कार्यों को करके एक विस्तृत रिपोर्ट अपने प्रशिक्षण केन्द्र पर जमा करें। पूरे कार्य को करने के दौरान आप अपने साधनसेवियों, विशेषकर अपने मेंटर से अवश्य सुझाव लेते रहें।

## 3. बच्चों के सहशैक्षिक विकास का अध्ययन

विभिन्न विषयों के शिक्षण के साथ–साथ बच्चों के सहशैक्षिक (को–स्कोलास्टिक) विशेषताओं को प्रोत्साहित करना भी शिक्षण कार्य का ही भाग है। बच्चों में कई तरह की सृजनात्मक क्षमताएं होती हैं जो अक्सर किताबी ज्ञान पर जोर देने के कारण निखर नहीं पातीं। एक तरह से देखें तो यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के खिलाफ़ है। अतः शिक्षकों को ऐसी समझ होनी चाहिए जिससे वे बच्चों के सहशैक्षिक पक्षों के विकास को प्रोत्साहित कर सकें। कला, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां, सृजनात्मक कार्य आदि इसके उदाहरण हैं।

इस प्रदत कार्य कें अंतर्गत प्रशिक्षुओं को अपने विद्यालय के कम से कम दस बच्चों के सहशैक्षिक पक्षों का विस्तृत अध्ययन करना होगा। यह विश्लेषण करें कि उन बच्चों के कौन से सह–शैक्षिक पक्ष बहुत मजबूत हैं। आप जो निष्कर्ष निकालेंगे उसके लिए तथ्य/आंकड़े/प्रमाण भी दें। साथ ही, यह विश्लेषण करें कि उन सहशैक्षिक पक्षों को आपके विद्यालयी गतिविधियों/शिक्षण के अंतर्गत कितना महत्व दिया जाता है।

उपरोक्त सभी विश्लेषणों के आधार पर उन बच्चों के सहशैक्षिक पक्षों को और निखारने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षुगण स्वयं क्या कर सकते हैं, उसकी योजना बनाएं तथा उसका कियांन्वयन करें। अंत में इन सभी कार्यों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार करें तथा अपने प्रशिक्षण केन्द्र पर जमा करें। पूरे कार्य को करने के दौरान आप अपने साधनसेवियों, विशेषकर अपने मेंटर से अवश्य सुझाव लेते रहें।

## 4. सामुदायिक कार्य

शिक्षक का सम्बंध केवल विद्यालय के साथ ही नहीं, बल्कि समुदाय के साथ भी होना उतना ही जरूरी है। अतः विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को अपने विद्यालय के आस–पास के समुदाय की प्रकृति, उनकी अपेक्षाएं, चुनौतियां, आदि को समझने तथा उनके बेहतरी के लिए कुछ सामुदायिक सेवा कार्यों को करना होगा। यह इसलिए भी आवश्यक है ताकि हर प्रशिक्षु अपने विद्यालय के आस–पास के समुदाय को समझे तथा उसके प्रति संवेदनशील बने। इसके अंतर्गत यह अपेक्षा है कि हर प्रशिक्षु अपने विद्यालय के आस–पास के समुदाय में कोई वैसा सामाजिक कार्य करे जिसकी जरूरत वहां हो। इस कार्य को प्रशिक्षु अपने विद्यालय के अन्य शिक्षकों तथा बच्चों के साथ सामुहिक रूप से कर सकते हैं। प्रशिक्षण केन्द्र के कुछ प्रशिक्षु आपस में मिलकर भी कोई सामुदायिक कार्य कर सकते हैं।

उपरोक्त सामुदायिक कार्य के साथ–साथ प्रशिक्षुओं से व्यक्तिगत तौर पर यह अपेक्षा है कि वे अपने घर के आस–पड़ोस के किसी एक परिवार का चयन कर उसके शैक्षिक स्थिति का विश्लेषण करें। यह जानने–समझने की कोशिश करें कि उस परिवार में किस तरह की शिक्षा की आकांक्षाएं हैं, परिवार के सदस्यों ने कहां तक की औपचारिक शिक्षा प्राप्त की है, शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्होंने किस तरह की चुनौतियों का सामना किया है आदि। उस परिवार में शिक्षा की जो स्थिति है, उसके पीछे के कारणों का विश्लेषण करें। अपने विश्लेषण के आधार पर आप उस परिवार के आगामी शैक्षिक विकास के लिए कुछ सुझाव भी प्रस्तुत करें।

उपरोक्त दोनों कार्यों को करने से पूर्व यह अपेक्षा है कि प्रशिक्षुगण इसकी चर्चा अपने साधनसेवी से जरूर कर लें।

**कालावधि :** विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत सोलह सप्ताह में से दो सप्ताह सामुदायिक कार्य के लिए है। चतुर्थ सत्र के किसी भी दो सप्ताह में यह कार्य प्रशिक्षुओं द्वारा किया जाए तथा चतुर्थ सत्र के अंत में इसकी एक रिपोर्ट प्रशिक्षु द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र पर जमा की जाएगी। रिपोर्ट में प्रशिक्षु इस बात को विशेष तौर पर लिखें कि उनके द्वारा किए गए सामुदायिक कार्य के कारण समुदाय पर क्या प्रभाव पड़ा या पड़ने का अनुमान है। इसी रिपोर्ट के दूसरे भाग में वे अपने द्वारा किए गए किसी परिवार के शैक्षिक स्थिति का विश्लेषण भी प्रस्तुत करें।

## विषयों के अध्ययन हेतु सन्दर्भ सूची
### (पुस्तक/दस्तावेज/अभिलेख/वेवसाइट)

**विषयवार दिये गये संदर्भ सूची के अलावा सभी विषयों के विषयवस्तु के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित का अध्ययन अनिवार्य रूप से करें:–**


- बिहार राज्य की कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें
- एस.सी.ई.आर.टी. (2008). बिहार पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2008. पटना : एस.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2005). राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2006). राष्ट्रीय फोकस समूह के आधार पत्र (कुल 21). नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी..टी.ई. (2009). अध्यापक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2009. नई दिल्ली : एन. सी.टी.ई.


### 1. समाज, शिक्षा और पाठ्यचर्या की समझ


- कुमार, कृष्ण (1993). राज, समाज और शिक्षा. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.
- चाँद किरण (2006). शिक्षा के दार्शनिक परिप्रेक्ष्य. नई दिल्ली : दिल्ली विश्वविद्यालय, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निर्देशलय.
- दयाकृष्ण (1997). ज्ञान मिमांसा. जयपुर : राजस्थान हिन्दी ग्रंथ ऐकेडमिक.
- शुक्ला, एस.सी, व कुमार, कृष्ण (1978). शिक्षा का सामाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य. नई दिल्ली : ग्रंथ शिल्पी.
- भारत सरकार, (2009). शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009. नई दिल्ली : मानव संसाधन विकास विभाग.
- बिहार सरकार (2007). समान विद्यालय प्रणाली आयोग प्रतिवेदन. पटना : शिक्षा विभाग.
- Aries, P. (1965). *Centuries of Childhood-A social history of the family life.* Random House Inc: New York. Chapter 1: The Ages of Life, Chapter 2: The Discovery of Childhood, and conclusion - The two concepts of childhood.
- Illich, Ivan (1973). Deschooling Society. Penguin Books.
- Saraswati, T.S. (1999). Culture, Socialisation and Human Development. New Delhi: Sage


### 2. शिक्षा में जेण्डर एवं समावेशी परिप्रेक्ष्य


- झा, मदन मोहन (2007). समावेशी शिक्षा. नई दिल्ली : प्रकाशन संस्थान.
- Bhattacharjee, Nandini (1999). Through the looking-glass: Gender Socialisation in a Primary School in T. S. Saraswathi (ed.) *Culture, Socialization and HumanDevelopment: Theory, Research and Applications in India*. Sage: New Delhi.
- Alur, Mithu & Bach. Michael (2010). Journey for inclusive education in the Indian sub-continent. New York: Routledge.
- Geetha, V. (2007). *Gender*. Stree: Calcutta.
- Ghai, A. (2005). Inclusive education: A myth or reality In Rajni Kumar, Anil Sethi & Shalini Sikka (Eds.) School, Society, Nation: Popular Essays in Education New Delhi, Orient Longman
- Ghai, Anita (2008). Gender and Inclusive education at all levels In Ved Prakash & K. Biswal (ed.) *Perspectives on education and development: Revising Educationcommission and after,* National University of Educational Planning and Administration: New Delhi
- Jha, M. M. (2008). School without Walls: Inclusive Education for all. New Delhi: Pearson.

**3. बचपन और बाल विकास/संज्ञान, सीखना और बाल विकास**

- मंगल, एस. के. (2008). शिक्षा मनोविज्ञान. नई दिल्ली : हॉल ऑफ इण्डिया प्रा. लि.
- सिंह, अरूण कुमार (2012). समाज मनोविज्ञान की रूपरेखा. पटना : मोतीलाल बनारसीदास.
- एन.सी.ई.आर.टी. सर्जनात्मकता के लिए शिक्षा : अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए स्रोत पुस्तिका. नई दिल्ली।
- विजय प्रकाश (2016). अपनी एकाग्रता कैसे बढ़ाएं. नई दिल्ली : प्रभात प्रकाशन.
- Balagopalan Sarda (2008). Memories of Tomorrow: Children, Labor and The Panacea of Formal Schooling. *Journal of the History of Childhood and Youth*. Johns Hopkins Univ.
- Berk, Laura E. (2007). Child Development. New Delhi: Pearson Education.
- Gardner, H. (1985). *Frames of Mind: The Theory of Multiple Intelligences*. London: Paladin Books
- Mukunda, Kamala, V. (2009). *What Did You Ask in School Today? A Handbook on Child Learning*. Noida: Harper Collins. Chapter 2: Learning, 22-50; Chapter 6: Moral evelopment, 117-146; Chapter 10: Emotions, Learning and Emotional Health, 222-253.
- Vijoy Prakash. Creative Learning: A Handbook for teachers & trainers.
- Ranganathan, N. (2000). The Primary School Child: Development and Education. New Delhi: Orient Longman Publication.
- Woolfolk, Anita (2005). Educational Psychology. Delhi: Pearson.

**4. प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा**

- एन.सी.ई.आर.टी., पूर्व प्राथमिक शिक्षा. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- Berk, L. Child Development; (Indian Edition) (2013). PHI Learning Private Limited, Delhi, India
- Deshprabu. R. (2001). Child Development and Nutrition Management. Jaipur: Book Enclave.
- Kaul V. et al, (1999). The Primary Years. NCERT, New Delhi.
- Kaul, V, et al. (2014). 'Readiness for School', Impact of Early Childhood Education Quality, CECCED, AUD, New Delhi.
- Kaul, V. (2010). Early Childhood Education Programme NCERT, New Delhi.
- Kaul, V. and Sankar, D. (2009). Early Childhood Care and Education in India, NEUPA,New Delhi.
- Lightfoot C. Cole, M. and Cole, S. (2009). The Development of Children; Worth Publishers; NY.

**5. भाषा की समझ और आरम्भिक भाषा विकास**

- ब्लूमफील्ड, लियानार्ड (1994). द यूज ऑफ लेंग्वेज. दिल्ली : मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्रा.लि.
- कुमार, कृष्ण (2000). बच्चे की भाषा और अध्यापक – एक निर्देशिका. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट.
- रोहित धनकर. भाषा और समझ, शिक्षा और समझ में, पंचकुला : आधार प्रकाशन.
- अग्निहोत्री, रमाकांत (1999). बच्चों की भाषा सीखने की क्षमता. शैक्षिक संदर्भ, जुलाई–अगस्त. भोपाल
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). भारतीय भाषाओं का शिक्षण (आधार पत्र). नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). भाषा सम्प्राप्ति–निदान और उपचार. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). पढ़ना है समझना. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). पढ़ने की दहलीज़ पर. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). पढ़ना सिखाने की शुरुआत. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- आर. एन. श्रीवास्तव. हिन्दी भाषा : संरचना के विविध आयाम. राधाकृष्ण प्रकाशन
- Agnihotri R.K. & other (ed.) (2000). Noam Chomsky: The Architecture of Language. Oxford University Press. New Delhi.
- Piaget, Jean (2002). Language and Thought of the Child. London: Routledge.

## 6. समकालीन भारतीय समाज में शिक्षा


- एन.सी.ई.आर.टी. भारत में विद्यालयी शिक्षा वर्तमान स्थिति और भावी आवश्यकताएँ. नई दिल्ली।
- त्रिपाठी, डॉ. ज्ञानदेव मणि एवं कुमार, डॉ. खगेन्द्र (2011). बिहार में शिक्षा के सौ वर्ष. पटना : बिहार विधान परिषद्.
- त्रिपाठी, डॉ. ज्ञानदेव मणि (1998). शिक्षा की माध्यम भाषा. बेतिया : साहित्य कुंज.
- बिहार सरकार (2007). समान विद्यालय प्रणाली आयोग प्रतिवेदन. पटना : शिक्षा विभाग.
- बिहार सरकार (2007). समान विद्यालय प्रणाली आयोग प्रतिवेदन. पटना : शिक्षा विभाग.
- शिक्षा से संबंधित विभिन्न आयोगों व समितियों के रिपोर्ट.
- भारत सरकार, (1986). राष्ट्रीय शिक्षा नीति. नई दिल्ली : मानव संसाधन विकास विभाग.
- भारत सरकार, (2009). शिक्षा का अधिकार अधिनियम. नई दिल्ली : मानव संसाधन विकास विभाग.
- श्रीवास्तव, चन्दन (2015). शिक्षक और शिक्षा नीतियाँ. नई दिल्ली : राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, अन्वेषिका, खण्ड 10(3).
- रैना, विनोद (2009). शिक्षा का अधिकार कानून. शिक्षा विमर्श, नवम्बर–दिसम्बर.
- सदगोपाल, अनिल (2000). शिक्षा में बदलाव का सवाल : सामाजिक अनुबंधन से नीति तक. दिल्लीः ग्रंथ शिल्पी.
- सदगोपाल, अनिल (2009). शिक्षा का अधिकार कानूनः नव उदारवाद का नया चेहरा. शिक्षा विमर्श, नवम्बर–दिसम्बर.
- सिंह, लालबाबु (1998). विक्रमशिक्षा. बेतिया : साहित्य कुंज
- नायक जे.पी. (1976). भारतीय शिक्षा का इतिहास. मैक मिलन कम्पनी, दिल्ली
- आचार्य, परमेश (2000). देशज शिक्षा, औपनिवेशिक विरासत और जातीय विकल्प. दिल्लीः ग्रंथ शिल्पी.
- Amartya Sen, and Jean Dreze (1997). India: Economic development and social Opportunity, Oxford India: Delhi. Select Chapters.
- Saxena, Sadhana (2007). ‘Education of the Masses in India: A Critical Enquiry’. In Krishna Kumar and Joachim Oesterheld (Eds.) *Education and Social Change inSouth Asia*. New Delhi: Orient Longman.


## 7. विद्यालय संस्कृति, परिवर्तन और शिक्षक विकास


- सी.बी.एस.ई. (2009). सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन शिक्षक निर्देशिका 2009. नई दिल्ली : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड.
- Aggarwal, J.C. (2002). School Administration. Delhi: Arya Book Depot.
- Andy Hargreaves (2000). Four Ages of Professionalism and Professional Learning. *Teacher and Teaching: History and Practice*, Vol. 6, No.2 pp 151-182
- Bloom, J.W. (2006). Creating a Classroom Community of Young Scientists. New York: Routledge.
- Frostig, M, and Maslow, P. (1973). *Learning Problems in the Classroom: Prevention andRemediation*. Grune & Stratton: New York.
- Jha, Madan Mohan (2002). *School without Walls* Heinemann: New Delhi pp 24- 40;128-155.
- Mishra, R.C. (2007). School Administration and organçation. New Delhi: APH Public Co.
- NCERT, Educational Statistics of India, New Delhi (issues of the last decade).
- Portner, Hal (2008). Mentoring new teachers. USA: Corwin Press.
- Shrivastava, Chandan (2014). Teacher Education for Rural Teachers: Exploring the Perceptions and Experiences of the Panchayat Teachers of Bihar. London: International Journal of Rural Studies (IJRS)
- Singh, Amarjit (Ed.) (2001). Classroom management: A reflective perspective. New Delhi Kanishka Publishing.

## 8. शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी

- William Stallings (2005). Operating Systems: Internals and Design Principles, Fifth Edition, Prentice Hall.
- Comer, Douglas E. (2006). The Internet Book: Everything You Need to Know about Computer Networking and How the Internet Works, Prentice Hall.
- http://en.wikibooks.org/wiki/Computers_for_Beginners
- www.unesdoc.unesco.org/images/0013/001390/139028e.pdf
- www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/ReviesICT_School.pdf
- www.unesdoc.unesco.org/images/0021/002134/213475e.pdf
- Net Safety:
  http://www.fbi.gov/stats-services/publications/parent-guide/
  http://www.internetsafetyproject.org/wiki/main-page
  http://www.scribd.com/doc/58210250/How-to-Stay-Safe-on-the-Bleeping-Internet

## 9. कला समेकित शिक्षा

- एन.सी.ई.आर.टी. कला, संगीत, नृत्य और रंगमच (राष्ट्रीय फोकस समूह के आधार पत्र–1.7). नई दिल्ली।
- एन.सी.ई.आर.टी. सर्जनात्मकता के लिए शिक्षा : अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए स्रोत पुस्तिका. नई दिल्ली।
- एन.सी.ई.आर.टी. कला शिक्षा की शिक्षक संदर्शिका. नई दिल्ली।
- एन.सी.ई.आर.टी. हस्तशिल्पों की धरोहर (राष्ट्रीय फोकस समूह के आधार पत्र–1.8). नई दिल्ली ।
- मीना नाईक. कठपुतली मार्गदर्शिका. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट।
- मेहर आर. कांट्रेक्टर. शिक्षा में सृजनात्मक नाटक एवं कठपुतली नर्तन. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट।
- मेरी ऐन दासगुप्ता. कम लागत, बिना लागत शिक्षण सहायक सामग्री. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट।
- पंकज चतुर्वेदी. कहानी कहने की कला. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट।
- डेल एम. बेथेल. सृजनात्मक जीवन और कला. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट।
- देवी प्रसाद. शिक्षा का वाहन : कला. नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट।
- देवी प्रसाद. सृजनात्मक और शांतिमय जीवन के लिए कला शिक्षा. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।

## 10. गणित का शिक्षणशास्त्र

- कपूर, जे०एन०, (1988). विद्यालय गणित के लिए संप्रयोग. नई दिल्ली : आर्य बुक डिपो.
- सक्सेना, के०के०, (2008). गणित शिक्षण. यूनिवर्सिटी बुक हाउस.
- एकलव्य का प्रकाशन, गणित की गतिविधियां.
- कुमार, अनिल (2011). गणित शिक्षण. नई दिल्ली : जे०बी०टी० प्रकाशन.
- दीक्षित, आर०एस० एवं बांगा, सी०एल० (2011). गणित शिक्षण. नई दिल्ली : शिप्रा प्रकाशन.
- Ediger, M. (2011). Teaching Maths in Elementary level. DPH Publication.
- Haylock, D. (2006). *Mathematics Explained for Primary teachers*. Sage : New Delhi. Ch 22: Measurement pp 247-263.
- Mishra, L. (2008). Teaching of Mathematics. APH Publication.
- Olson, T.A. *Mathematics Through Paper Folding*. Arvind Gupta's toys book Gallery.
- Pound, Linda & Lee Trisha (2010). Teaching of Mathematics creatively. Routledge.
- Sambasiva, E.S.R. & Rao D.B. (2011). Methods of Teaching Mathematics. Discovery Publisher.
- Zubair, P.P. (2012). Teaching of Mathematics. APH Publication.

### 11. हिन्दी का शिक्षणशास्त्र


- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). पढ़ना सिखाने की शुरुआत. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). आकलन स्रोत पुस्तिका (प्राथमिक स्तर की कक्षाओं के लिए) भाषा हिन्दी . नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). पढ़ना है समझना. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- एन.सी.ई.आर.टी. (2009). पढ़ने की दहलीज़ पर. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- त्रिपाठी, विश्वनाथ (2010). हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास. ओरियंट लोंगमेन.
- तिवारी, भोलानाथ और भाटिया. कैलाशचन्द (1986). हिंदी भाषा शिक्षण. दिल्ली : साहित्य सहकार.
- तिवारी, पुरुषोत्तम लाल (1992). हिंदी शिक्षण. जयपुर : राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी.
- तिवारी, डॉ. नित्यानंद (1998). साहित्य का स्वरूप. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- गुप्ता. मनोरमा (1991). भाषा–शिक्षण : सिद्धांत और प्रविधि. आगरा : केन्द्रीय हिंदी संस्थान
- कुमार, कृष्ण (1996). हिन्दी का सपना, विचार का डर में. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.
- द्विवेदी, हजारीप्रसाद (1998). भाषा साहित्य और देश. नई दिल्ली : भारतीय ज्ञानपीठ.
- ब्रिटन, जेम्स (1970). लैंग्वेज एंड लर्निंग. द पैंगविन प्रेस.
- तिवारी, भोलानाथ और भाटिया, कैलाशचन्द्र (1986). हिन्दी भाषा शिक्षण. दिल्ली : साहित्य सहकार.
- तिवारी, पुरूषोत्तम लाल (1992). हिन्दी शिक्षण. जयपुर – राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी.
- अग्रवाल, पुरूषोत्तम (2000). विचार का अनंत. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.
- कुमार, कृष्ण (1996). हिन्दी का सपना. विचार का डर में. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.
- द्विवेदी, महावीर प्रसाद (1993). भाषा और व्याकरण. हिन्दी की अनस्थिरताः एक ऐतिहासिक बहस में. नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन.
- तिवारी, डॉ. भोलानाथ (2008). अर्थ–सरंचना हिन्दी भाषा की संरचना में. नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन.
- वापजेयी, आचार्य किशोरीदास (2006). हिन्दी शब्द मीमांसा. नई दिल्ली : मेत्रैय पब्लिकेशन.
- चोपड़ा, रविकान्त एवं प्रकाश, आनन्द (सं.) (1998). मातृभाषा हिंदी शिक्षण. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- गुरू, कामता प्रसाद (2010). हिन्दी व्याकरण. इलाहाबाद. : लोकभारती प्रकाशन.


### 12. अंग्रेजी का शिक्षणशास्त्र


- Agnihotri, R.K. and Khanna, A.L. (1996). *Grammar in context.*New Delhi: Ratnasagar.
- Craven, M. (2008). *Real listening and speaking -4.* Cambridge: Cambridge University Press.
- Driscoll, L. (2008). *Real speaking.* Cambridge: Cambridge University Press.
- Flood, James et al (2003). Handbook of Research on teaching the English languages arts. Mahwah: Lawrence Erlbaum Association.
- Grellet, F. (1981)**.** *Developing reading skills* UK: Cambridge University Press.
- Haines, S. (2008). *Real writing.* Cambridge: Cambridge University Press
- Hedge, T. (1988). *Writing.* Oxford: Oxford University Press.
- Kochar, Shashi & Ramachandran, J. (2001). Teaching of English. New Delhi: Arya Book Depot.
- Maley, A. & Duff, A. (1991). *Drama techniques in language learning: A resource* book of
- Morgan, J. and Rinvolucri, M. (1983). *Once upon a time: Using stories in the language classroom,* Cambridge: Cambridge University Press.
- Nagaraj, Geetha (2008). ELT: Approaches, Methods & Techniques (Revised). Orient BlackSwan.
- Nuttal, Christine (2005). Teaching Reading Skills in a Foreign Language. Oxford: MacMillan.
- Radford, A. *(2014) English Syntax Cambridge University Press*

- Richards, Jack C. & Theodore S.R. (2001). Approaches and Methods in Language Teaching. Cambridge Unversity Press.
- Rinvolucri, Mario (1984). Grammar Games: Cognitive, Effective and Drama Activities for EFL Students. Cambridge: Cambridge University Press.
- Sahni, Geeta (2003). Suggested methodology for the teaching of English: A resource book for trainee teachers. New Delhi: Shradha HRD Pvt. Ltd.
- Seely, J. (1980. *The Oxford guide to writing and speaking*. Oxford: Oxford University Press.
- Slatterly, M. and Willis, J. (2001). *English for primary teachers: A handbook of activities & classroom language*. Oxford: Oxford University Press.
- Srivastava, A.K. 1990. "Multilingualism and school education in India: Special features, problems and prospects". In pattarajak 37-53.
- Yashpal, Sunil (2004). Teaching of English. New Delhi: Jagdamba Publication.


## 13. पर्यावरण अध्ययन का शिक्षणशास्त्र


- एस.सी.ई.आर.टी. (2008). कक्षा 1–5 तक आकलन के लिए स्रोत पुस्तिका (पर्यावरण अध्ययन). नई दिल्ली : एस.सी.ई.आर.टी.
- मंगल, एस. के., विज्ञान शिक्षण. दिल्ली : आर्य बुक डिपो.
- सी.बी.एस.ई.(2009). सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन शिक्षक निर्देशिका 2009. नई दिल्ली : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड.
- दास. आर. सी. (2000). स्कूलों में विज्ञान शिक्षण. नई दिल्ली : स्टरलिंग प्राईवेट लिमिटेड.
- एकलव्य प्रकाशन, कबाड़ से जुगाड, भोपाल.
- पर्यावरण अध्ययन पर सेमिनार की रिपोर्ट –1995 (संधान) लोक जुम्बिश।
- Orr, David W. (2007). Is Environmental Education an Oxymoron? *Journal of the Krishnamurti Schools*. www.kfionline.org
- Rajput, J.S. (1994). *Experience and Expectations in Elementary Education*: Anamika Prakashan.
- Rana, S.S. (2006). Teaching of Methods of environmental studies. Cyber Tech Publication.
- Sarabhai V.K. et al. (2007). *Tbilisi to Ahmadabad – The Journey of Environmental Education–A Source book*, Centre for Environment Education, Ahmedabad.
- UNICEF (2008). *Best Practice Guidelines for teaching Environmental Studies in Maldivian Primary Schools*: UNICEF.


## 14. कार्य और शिक्षा


- एन.सी.ई.आर.टी. (2006). वर्क एण्ड एजुकेशन–आधार पत्र. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- हिन्दुस्तानी तालीमी संघ (1957). आठ सालों का सम्पूर्ण शिक्षाक्रम. सेवाग्राम, वर्धा, महाराष्ट्र
- हिन्दुस्तानी तालीमी संघ (1957). समग्र नयी तालीम : सेवाग्राम राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन, जनवरी 1945 का विवरण, सेवाग्राम, वर्धा, महाराष्ट्र
- Gandhi, M.K. (1953), *Towards New Education*, Navajivan Publishing House, Ahmedabad.
- Govt. of India (1971), *Education and National Development: Report of the Education Commission 1964-66*,NCERT, New Delhi.

**15. विद्यालय में स्वास्थ्य, योग एवं शारीरिक शिक्षा**


- B.K.S. IYENGAR (2000). 1. Light on yoga [Yoga Dipika], 2. Light on Pranayama, Harper Collins publishers Daryaganj, New Delhi, India.
- Dr. H.R. Nagendra (200). Pranayama the art and science pub Vivekananda Kendra yoga Prakashana, Bangalore India.
- Midday Meals – A Primer (2005). *Right to Food Campaign*, Delhi.
- Ramachandran, V., Jandhyala, K. and Saihjee A. (2008). Through the Life Cycle of Children: Factors that Facilitate/Impede Successful Primary School Completion in Rama V. Baru (ed.) *School Health Services in India: The Social and EconomicContexts*, New Delhi: Sage.
- VHAI (Voluntary Health Association of India, 2000). *Mahamari ka roop le sakne wali beemariyan/swasthya samasyaein*, New Delhi: VHAI. (Hindi and English Versions).
- YOGASANAS: A TEACHER'S GUIDE NCERT (1983). New Delhi.


**16. स्वयं की समझ**


- एन.सी.ई.आर.टी. मननशील शिक्षक. नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.
- श्रीवास्तव, चन्दन (2014). अध्यापक की अस्मिता. उदयपुर : खोजें और जाने पत्रिका, अंक 9.
- Batra, P. (2005). Voice and Agency of Teachers: A missing link in the National Curriculum Framework. *Economic & Political Weekly*, Oct.1-7,4347-4356.
- Beijaard, D, Meijer, P.C. &Verloop, N. (2004). Reconsidering research on teachers' professional identity. Elsevier: *Teaching and Teacher Education*, 20, pp. 107-128
- David (2004). All Education is Environmental Education *The Learning Curve, Issue 226.*
- Fulton, John F. (1978). Teachers: made not born?. Belfast: Queen's University of Belfast.
- Krishnamurti, J. (2000). *Life Ahead, To parents, teachers and students*, Ojai, California,
- Omvedt, Gale (2009). Seeking Begumpura, Navanya: New Delhi.
- Pollard, Andrew (2002). *Reflective Teaching*. Continuum: London.
- Wood, David (2000). Narrating Professional Development: Teacher's stories as texts for improving practice. *Anthropology and Education Quarterly*, 31(4), 426- 448.

# डिप्लोमा इन एलिमेण्ट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.)
# पाठ्यचर्या–पाठ्यक्रम विकास समिति

## दिशाबोध

- श्री विनोद कुमार सिंह निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. संजीवन सिन्हा, पूर्व–निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- श्री हसन वारिस, पूर्व–निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- श्री ए. के. पाण्डेया, पूर्व–निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण निदेशालय, शिक्षा विभाग, बिहार।
- डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डा. मुरली मनोहर सिंह, तत्कालीन संयुक्त निदेशक, डायट राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. मंजु लाल, संयुक्त निदेशक, डायट राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. श्वेता शांडिल्य, पूर्व–शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ, पटना।
- डॉ. प्रमिला मनोहरन, शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ, पटना।
- डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट, हाजीपुर (वैशाली)।

## विषय विशेषज्ञ

- प्रो. अवधेश कुमार मिश्रा, निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर।
- डॉ. जयशी एस. मोदी, प्राचार्या, पटना वीमेन्स ट्रेनिंग कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय, पटना।
- डॉ. ललित कुमार, शिक्षा विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना।
- डॉ. वासे जफर, शिक्षा विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना।
- प्रो. संध्या सिंह, प्रोफेसर, भाषा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली।
- श्री कमल महेन्द्रु, विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केन्द्र, उदयपुर, राजस्थान।
- प्रो. हृदयकांत दिवान, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगालुरू।
- प्रो. पी. एन. मुखर्जी, पूर्व विभागाध्यक्ष, बांग्ला विभाग, बी.एन. कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय, पटना।
- प्रो. अमृत लाल खन्ना, विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केन्द्र, उदयपुर, राजस्थान।
- श्री जी.वी.एस.आर. प्रसाद, पूर्व प्राचार्य, डायट, राँची।
- डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, एम.सी.ई.एम., हाजीपुर।
- डॉ. श्वेता शांडिल्य, शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ, पटना।
- प्रो. उषा शर्मा, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली।
- प्रो. निरन्जन सहाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
- प्रो. रजनी रंजन सिंह, हेड एण्ड डीन, विशिष्ट शिक्षा, डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- डॉ. अनिल कुमार, सीनियर लेक्चरर, डायट (एस.सी.ई.आर.टी.), दिल्ली।
- डॉ. कीर्ति कपूर, डी.एल.ओ.,एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली।
- श्री बिरेन्द्र सिंह रावत, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- श्री अजय कुमार चौबे, अवर सचिव, एन.सी.टी.ई., नई दिल्ली।
- डॉ. सतनाम सिंह, सीनियर लेक्चरर, डायट (एस.सी.ई.आर.टी.), दिल्ली।
- डॉ. एम.एम. राय, सीनियर लेक्चरर, एस.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली।
- डॉ. अरशद इकराम अहमद, एसो. प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, जे.एम.आई., नई दिल्ली।
- डॉ. अतुल कुमार शुक्ला, सहायक प्राध्यापक, जे.एन.पी.जी. कॉलेज, बांदा, यू.पी.।
- डॉ. प्रवीण कुमार तिवारी, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ एजुकेशन, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
- डॉ. सत्यवीर सिंह, प्राचार्य, एस.एन.आई कॉलेज, पिलाना बागपत।
- डॉ. चन्दन श्रीवास्तव, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- श्री हर्षवर्द्धन कुमार, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- श्री संजय शर्मा, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- श्री पंकज कुमार, शिक्षा संकाय, काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- श्री किशोर दरक, शिवाजी नगर, पूणे (महाराष्ट्र)।
- श्री संजय कुमार, प्रथम, पटना।
- श्री सूर्य कुमार झा, पूर्व–प्राचार्य, सी.टी.ई., छपरा।
- डॉ. राकेश कुमार, प्राचार्य, डायट, भागलपुर।
- डॉ. रत्ना घोष, प्राचार्या, डायट, गया।

- डॉ. रश्मि प्रभा, प्राचार्या, सी.टी.ई., तुर्की, मुजफ्फरपुर।
- डॉ. सुभाष चन्द्र झा, प्राचार्य, डायट,किलाघाट, दरभंगा।
- श्रीमती आभा रानी, प्राचार्या, डायट, बिक्रम, पटना।
- श्रीमती तुलिका प्रसाद, व्याख्याता, सी.टी.ई., छपरा।
- श्री उमाकान्त ओझा, प्राचार्य, पी.टी.ई.सी. घोघरडीहा।
- श्री कृष्ण कान्त ठाकुर, बी.ई.पी.सी., पटना।
- डॉ. सुबोध कुमार झा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, एस. एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद।
- श्री प्रभाष रंजन, सहायक प्राध्यापक, पटना वीमेन्स कॉलेज (शिक्षा विभाग), पटना।
- डॉ. राजेश वर्मा, सहायक प्राध्यापक, नालान्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना।
- श्रीमती मुक्ता मणि, सहायक प्राध्यापिका, शिक्षा विभाग, डी.डी.ई., एन.एन.एम.यू., दरभंगा।
- डॉ. सारिका, प्राध्यापिका, पटना विश्वविद्यालय, पटना।
- श्री प्रियांक कुमार शिवम, व्याख्याता, एच.एन.एस.आई.टी.ई., सासाराम, रोहतास।
- श्री कात्यायन कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय, चौटीहाल स्लम, गुलजारबाग, पटना।
- श्री जीतेन्द्र कुमार, शिक्षक, मध्य विद्यालय, महमदा, परैया, गया।
- श्री मनोज कुमार झा, सहायक शिक्षक, रा. आदर्श विपिन मध्य विद्यालय, बेतिया।
- श्री गोविन्द प्रसाद, सहायक शिक्षक, कन्या मध्य विद्यालय, चनपटिया, पश्चिमी चंपारण।
- श्री विकास कुमार, उतक्रमित मध्य विद्यालय, बसबुटिया, चन्द्रमंडी, जमुई।
- श्री मनोज कुमार त्रिपाठी, मिडिल स्कूल, फरना, बड़हरा, भोजपुर।
- श्री शशिकांत शर्मा, मध्य विद्यालय, भेलडुमरा, आरा, भोजपुर।
- श्रीमती शुभ लक्ष्मी लहिड़ी, रवीन्द्र बालिका विद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना।
- श्री अर्शद रजा, प्राथमिक विद्यालय पचासा, रहुई, नालंदा।
- डॉ रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नॉट्रेडेम एकेडमी, कुर्जी, पटना।
- श्री प्रसून, विद्या भवन सोसायटी, उदयपुर, राजस्थान।
- सुश्री रजनी द्विवेदी, विद्या भवन सोसायटी, उदयपुर, राजस्थान।
- सुश्री यशोधरा कनेरिया, विद्या भवन सोसायटी, उदयपुर, राजस्थान।
- श्री पुष्पराज सिंह राणावत, विद्या भवन सोसायटी, उदयपुर, राजस्थान।
- श्री आदेश कुमार सिंह, विद्या भवन सोसायटी, पटना।
- श्री कुमार अमलेन्दु, विद्या भवन सोसायटी, पटना।
- श्री अमरेश चन्द्रा, विद्या भवन सोसायटी, पटना।
- सुश्री अंकिता, विद्या भवन सोसायटी, पटना।
- डॉ. सैयद अब्दूल मुईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. स्नेहाशीष दास, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. रीता राय, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. बीर कुमारी कुजूर, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. अर्चना, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- श्री तेजनारायण प्रसाद, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. इम्तियाज आलम, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. सुरेन्द्र कुमार, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. राधे रमण प्रसाद व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मंडल, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- श्री रामविनय पासवान व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।

## पाठ्यचर्या–पाठ्यक्रम प्रारूप का संपादन एवं संशोधन

- डॉ. सैयद अब्दुल मुईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, अकादमिक संयोजक (पाठ्यचर्या–पाठ्यक्रम विकास), प्राचार्य, एम.सी.ई.एम., हाजीपुर।
- डॉ. स्नेहाशीष दास, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
- डॉ. चन्दन श्रीवास्तव, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

## पाठ्यचर्या–पाठ्यक्रम की समीक्षा

- डॉ. सतीश कुमार यादव

प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली।

- डॉ. अल्का बिहारी
  एसोसिएट प्रोफेसर, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

## पाठ्यचर्या–पाठ्यक्रम समन्वयक

- डॉ. स्नेहाशीष दास, व्याख्याता, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।